FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : छठवीं **विषय :** हिंदी

Paper Code : 6011 **पूर्णांक :** 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ'

(अंक 05)

LO – L- 609 – किसी पाठ्यवस्तु की बारीकी से जॉच करते हुए उसमें किसी विशेष बिन्दु को खोजते हैं अनुमान लगाते है।

1. गतिविधि – दोहे में निहित संदेश को समझना

गतिविधि – कक्षा 3 से लेकर अभी तक की कक्षाओं में पढ़े या सुने गये दोहों में निहित संदेश या भावार्थ को समझाना या बताना।

निर्देश –
1. शिक्षक छात्रों से अपनी पसन्द की कविता या दोहे के बारे में पूछेंगे।
2. अब शिक्षक कुछ दोहों की पर्ची बनायेंगे।
3. प्रत्येक पर्ची में अलग–अलग दोहे लिखे जायेंगे।
4. बच्चे बारी–बारी से पर्चियाँ निकालकर पर्ची में लिखे दोहों का भाव या संदेश बताएँगे।
5. बच्चों से दोहा–रचयिता का नाम पूछेंगे।
6. दोहे में निहित संदेश या भाव दैनिक जीवन से किस प्रकार जुड़ सकता है, चर्चा करने कहेंगे।

कौशल –
1. काव्य विधा की समझ
2. अभिव्यक्ति
3. भाव को समझकर जीवन से जोड़ना
4. कवियों को जानना
5. दोहों को याद रख पाना

2. गतिविधि – मानवीय मूल्य (सद्व्यवहार) की समझ विकसित करना।

अपने आस–पास के लोगों के साथ किस – तरह के व्यवहार करते हैं?

निर्देश – 1. शिक्षक सद्व्यवहार से संबंधित दो/तीन महापुरूषों का जीवन चरित्र आडियों/वीडियो/चलचित्र/चार्ट/कहानी के माध्यम से समझायेंगे/ बतायेंगे/ दिखायेंगे।

2. शिक्षक छात्रों को समूह में बाँटेंगे।

3. दिखाये गये संदर्भ सामग्री पर छात्रों से प्रतिक्रिया लेंगे।

4. शिक्षक छात्रों से बड़ों के साथ किस तरह व्यवहार करना चाहिए पर चर्चा करेंगे। उनकी राय को श्याम पर अंकित करेंगे।

5. शिक्षक दोनों समूह के छात्रों में से एक समूह के छात्रों से सदाचारी व्यक्ति के जीवन व दूसरे समूह के छात्रों से एक समान्य व्यक्ति के जीवन पर तुलनात्मक चर्चा करवायेंगे।

6. जिन गुणों के कारण एक व्यक्ति महान पुरूषों की श्रेणी में गिना जाता है उन गुणों की सूची बनवायेंगे व उन पर चर्चा करवायेंगे।

कौशल – 1. मानवीय मूल्य की समझ
2. कल्पनाशीलता
3. मनन
4. चिंतन
5. अभिव्यक्ति कौशल

3. गतिविधि – अनुभूतियों की शाब्दिक अभिव्यक्ति

1. शिक्षक छात्रों को कहानी सुनायेंगे।
2. कहानी में निहित भाव छात्रों से पूछेंगे।
3. कहानी के पात्रों की विशेषताएं पूछेंगे।
4. कहानी को लेकर छात्रों से अभिनय भी करवाया जा सकता है।
5. कहानी कैसे लगी और क्यों छात्रों से पूछेंगे।
6. कहानी में आए सकारात्मक व नकारात्मक भाव पर छात्रों से विचार लेंगे।
7. शीर्षक देकर अथवा चित्र दिखाकर कहानी लिखने को भी कहा जा सकता है।

कौशल – 1. चिंतन कौशल
2. अभिव्यक्ति
3. अभिनय
4. सूक्ष्म बातों का अवलोकन

खण्ड – ब (अंक 05)

LO – L610 – हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री (समाचार, पत्र–पत्रिकाएँ, कहानी, जानकारी परक सामग्री, इंटरनेट पर प्रकाशरन होने वाली सामग्री आदि) को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद–नापसंद, राय, टिप्पणी देते हैं।

1. गतिविधि – प्राकृतिक संपदाओं के प्रति जागरूकता

बहुमूल्य प्राकृतिक संपदाओं, खनिज पदार्थों के अंधाधुंध उपयोग से पृथ्वी खोखली हो रही है। इससे संदर्भित समाचार, कहानी आदि सुनाकर छात्रों को विचार विमर्श हेतु संलग्न किया जाना है।

निर्देश –
1. शिक्षक छात्रों को आडियो/वीडियो/चलचित्र मोबाईल से प्राकृतिक संपदा के बारे में दिखाएंगे/बतायेंगे या कहानी सुनाएंगे।
2. छात्र प्राकृतिक संपदा को पहचानेंगे।
3. शिक्षक प्राकृतिक संपदा की उपयोगिता तथा विनाश पर चर्चा करेंगे।
4. शिक्षक प्राकृतिक संपदा को बचाने लिए हमारे दायित्व पर चर्चा करेंगे।
5. शिक्षक छात्रों से प्राकृतिक संपदाओं की सूची बनाने को कहेंगे।

कौशल –
1. कल्पना शीलता
2. जिज्ञासा
3. तर्कशक्ति
4. नवीन तथ्यों की खोज (खोजी प्रवृति)
5. विचार अभिव्यक्ति

2. गतिविधि – छत्तीसगढ़ी साहित्य में लोकनाट्य (नाचा विधा) की पहचान।

गतिविधि – छत्तीसगढ़ी साहित्य में लोकनाट्य (नाचा विधा) के इतिहास व इसके पुरोधा के बारे में जानना।

निर्देश –
1. शिक्षक आडियो/वीडियो/चलचित्र मोबाईल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक नाट्य (नाचा) छात्रों को दिखायेंगे।
2. छात्र अपनी प्रतिक्रिया देंगे।
3. शिक्षक नाचा के पुरखा और उनके नाचा पार्टी से संबंधित चर्चा करेंगे।
4. शिक्षक छात्रों से उनके देखे नाचा पार्टी के बारे में चर्चा करेंगे।
5. नाचा के पात्रों की विशेषताओं पर चर्चा करवायेंगे।
6. शिक्षक छात्रों को समूह में बाँटकर किन–किन समाजिक विषयों पर नाचा (नाटक) रूपान्तरित हो सकता है सूची बनाने को कहेंगे।

कौशल — 1. अभिव्यक्ति

2. आत्मविश्वास की वृद्धि

3. जिज्ञासा

4. कल्पना शीलता

3. गतिविधि – अपने गाँव का वर्णन

गतिविधि :– शिक्षक गाँव के दृश्य से संबंधित चित्र, वीडियो छात्रों को दिखायेंगे या कहानी सुनाएंगे।

निर्देशः– 1. शिक्षक शहरों/गाँवों से संबंधित चित्र/वीडियो दिखायेंगे या कहानी सुनाएंगे।

2. कक्षा शिक्षक बच्चों को दिखाए गए या कहानी में बताए गए गाँव के बारे में एक–एक वाक्य बोलने को कहेंगे।

3. बच्चे वीडियो में दिखाए गए या कहानी में बताए गए गाँव पर अपनी प्रतिक्रिया देंगे।

4. बच्चे अपने गाँव की तुलना दिखाए गए चित्रों/कहानी से करेंगे।

5. बच्चे वीडियो में दिखाए गए या कहानी में बताए गए गाँव पर अपनी प्रतिक्रिया देंगे।

6. अपने शब्दों में अपने गाँव का वर्णन कर लिखेंगे।

7. स्वयं के एवं अन्य सहपाठियों के गाँव में समानता एवं अंतर को समझेंगे।

कौशल : – 1. सुनकर व देखकर समझना।

2. अभिव्यक्त करना।

3. प्रतिक्रिया देना।

4. अंतर समझना।

5. देखे हुए का वर्णन कर पाना।

6. समझ आधारित प्रश्न पूछना।

●●●